# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20-4-23 | 4 | 6-8 |

## राष्ट्रपति के कार्यक्रम में होंगी कोविड नियमों की पालना
## दीक्षांत समारोह में शामिल होने वालों को मिलेंगे एंट्री पास

भास्कर न्यूज़ | हिसार



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 अप्रैल को एचएयू के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। उनके आगमन की तैयारियों को लेकर जिला और विवि प्रशासन अलर्ट हैं। डीसी उत्तम सिंह ने राष्ट्रपति के आगमन को लेकर लघुसचिवालय के वीसी हॉल में अधिकारियों की मीटिंग ली। उन्होंने बताया कि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समारोह की अध्यक्षता करेंगे तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कोविड के नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन डॉ. गोविंद गुप्ता को भी दिशा-निर्देश दिए हैं। समारोह स्थल पर सैनिटाइजर एवं मास्क की समुचित व्यवस्था करने की भी हिदायत दी है। समारोह स्थल हेतु बनाए जाने वाले ड्यूटी पास के लिए भी निर्देश दिए। समारोह में लाइट की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ जनरेटर, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पेयजल आदि का प्रबंध करने के भी निर्देश दिए।

**सुरक्षा के पूरे प्रबंध किए जाएंगे**

पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने बताया कि दौरा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने एचएयू एवं अन्य स्टाफ के लिए जारी किए जाने वाले आईकार्ड और पास को लेकर अपने सुझाव दिए ताकि समारोह स्थल पर तैनात पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को चेकिंग के दौरान सुविधा रहे। इस अवसर पर एडीसी नीरज, आरटीए सचिव सुनील कुमार, नगराधीश राजेश खोथ, एसडीएम हांसी जितेंद्र सिंह अहलावत, एसडीएम हिसार जयवीर यादव, बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, डिप्टी मुंसिपल कमिश्नर वीरेंद्र सिंह, एचएयू से प्रोफेसर अतुल ढींगड़ा, कपिल अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 20.5.23 | 3 | 1-4 |

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 को हिसार में, डीसी ने बैठक

- एचएयू में होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह में करेंगी शिरकत
- राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व सीएम मनोहर लाल भी रहेंगे मौजूद



बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त उत्तम सिंह। • डीआइपीआरओ

जागरण संवाददाता, हिसार : महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 अप्रैल को शाम को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित इंदिरा गांधी आडिटोरियम में आयोजित होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कान्फ्रेंस सभागार में राष्ट्रपति के दौरा कार्यक्रम को लेकर आयोजित की गई अधिकारियों की बैठक में दी। उन्होंने बताया कि महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समारोह की अध्यक्षता करेंगे तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी कार्य समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कोविड के नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन डा. गोविंद गुप्ता को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

समारोह स्थल पर सैनिटाइजर एवं मास्क की समुचित व्यवस्था करने की भी हिदायत दी है। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत समारोह स्थल हेतु बनाए जाने वाले ड्यूटी पास के लिए भी निर्देश दिए। समारोह में लाईट की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ जनरेटर, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पेयजल आदि का प्रबंध करने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने बताया कि महामहिम के दौरा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे।

उन्होंने एचएयू एवं अन्य स्टाफ के लिए जारी किए जाने वाले आइकार्ड-पास को लेकर अपने सुझाव दिए ताकि समारोह स्थल पर तैनात पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को चेकिंग के दौरान सुविधा रहे, और किसी को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, आरटीए सचिव सुनील कुमार, नगराधीश राजेश खोथ, एसडीएम हांसी जितेंद्र सिंह अहलावत, एसडीएम हिसार जयवीर यादव, बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर वीरेंद्र सिंह, एचएयू से प्रोफेसर अतुल ढ़ींगड़ा, कपिल अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 20-4-23 | 5 | 1-4 |

# राष्ट्रपति 24 को एचएयू में होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह में करेंगी शिरकत

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी रहेंगे मौजूद

हिसार, 19 अप्रैल (विरेंद्र वर्मा): महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 अप्रैल को बाद दोपहर 4 बजे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

यह जानकारी उपायुक्त उत्तम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कांफ्रेंस सभागार में राष्ट्रपति के दौरा कार्यक्रम को लेकर आयोजित की गई अधिकारियों की बैठक में दी। उन्होंने बताया कि महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समारोह की अध्यक्षता करेंगे तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी कार्य समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कोविड के नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन डॉ. गोविंद गुप्ता को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। समारोह स्थल पर सैनिटाइजर एवं मास्क की समुचित व्यवस्था करने की भी हिदायत दी है। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत समारोह स्थल हेतु बनाए जाने वाले ड्यूटी पास के लिए भी निर्देश दिए। समारोह में लाईट की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ जनरेटर, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पेयजल आदि का प्रबंध करने के भी निर्देश दिए।



बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए उपायुक्त उत्तम सिंह।

पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने बताया कि महामहिम के दौरा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने एचएयू एवं अन्य स्टाफ के लिए जारी किए जाने वाले आईकार्ड/पास को लेकर अपने सुझाव दिए ताकि समारोह स्थल पर तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को चैकिंग के दौरान सुविधा रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, आरटीए सचिव सुनील कुमार, नगराधीश राजेश खोथ, एसडीएम हांसी जितेंद्र सिंह अहलावत, एसडीएम हिसार जयवीर यादव, बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, एचएयू से प्रो. अतुल ढींगड़ा, कपिल अरोड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 20-4-23 | 4 | 4-5 |

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में होगा कोविड नियमों का पालन



लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते डीसी उत्तम सिंह। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 अप्रैल को शाम 4 बजे हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। समारोह स्थल पर सैनिटाइजर एवं मास्क की समुचित व्यवस्था की जाएगी और कोविड मानकों का पालन किया जाएगा।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर आयोजित की गई अधिकारियों की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। समारोह की

## राष्ट्रपति 25वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी

तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी कार्य समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए। निर्धारित कोविड के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन डॉ. गोविंद गुप्ता को निर्देश दिए हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत समारोह स्थल के लिए बनाए जाने वाले ड्यूटी पास के लिए भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने बताया कि महामहिम के दौरा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने एचएयू एवं अन्य स्टाफ के लिए जारी किए जाने वाले आईकार्ड/पास को लेकर अपने सुझाव दिए ताकि समारोह स्थल पर तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को चेकिंग के दौरान सुविधा रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 20-4-23 | 5 | 2-6 |

# राष्ट्रपति 24 को एचएयू में होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह में करेंगी शिरकत

- राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी रहेंगे मौजूद



**हिसार (सच कहूँ न्यूज)।** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 अप्रैल को बाद दोपहर 4 बजे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में राष्ट्रपति के दौरा कार्यक्रम को लेकर आयोजित की गई अधिकारियों की बैठक में दी। उन्होंने बताया कि महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समारोह की अध्यक्षता करेंगे तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी कार्य समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कोविड के नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन डॉ गोविंद गुप्ता को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। समारोह स्थल पर सैनिटाइजर एवं मास्क की समुचित व्यवस्था करने की भी हिदायत दी है। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत समारोह स्थल हेतु बनाए जाने वाले ड्यूटी पास के लिए भी निर्देश दिए। समारोह में लाईट की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ जनरेटर, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पेयजल आदि का प्रबंध करने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने बताया कि महामहिम के दौरा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने एचएयू एवं अन्य स्टाफ के लिए जारी किए जाने वाले आईकार्ड/पास को लेकर अपने सुझाव दिए ताकि समारोह स्थल पर तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को चेकिंग के दौरान सुविधा रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, आरटीए सचिव सुनील कुमार, नगराधीश राजेश खोथ, एसडीएम हांसी जितेंद्र सिंह अहलावत, एसडीएम हिसार जयवीर यादव, बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, डिप्टी मुंसिपल कमिश्नर वीरेंद्र सिंह, एचएयू से प्रोफेसर अतुल ढींगड़ा, कपिल अरोड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 20-4-23 | 10 | 4-8 |

## डीसी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर की तैयारियों पर चर्चा

# राष्ट्रपति 24 को एचएयू के 25वें दीक्षांत समारोह में आएंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 अप्रैल को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समारोह की अध्यक्षता करेंगे जबकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में राष्ट्रपति के दौरा कार्यक्रम को लेकर आयोजित की गई अधिकारियों की बैठक में यह जानकारी दी। समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी कार्य समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए।



हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त उत्तम सिंह।

**कोविड के नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश :** उन्होंने राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कोविड के नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए सिविल सर्जन डॉ. गोविंद गुप्ता को भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। समारोह स्थल पर सैनिटाइजर एवं मास्क की समुचित व्यवस्था करने की भी हिदायत दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत समारोह स्थल के लिए बनाए जाने वाले ड्यूटी पास के लिए भी निर्देश दिए। समारोह में लाइट की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ जनरेटर, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पेयजल आदि का प्रबंध करने के भी निर्देश दिए।

**एसपी बोले, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध।** पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने बताया कि महामहिम के दौरा कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने एचएयू एवं अन्य स्टाफ के लिए जारी किए जाने वाले आईकार्ड/पास को लेकर अपने सुझाव दिए ताकि समारोह स्थल पर तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को चेकिंग के दौरान सुविधा रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, आरटीए सचिव सुनील कुमार, नगराधीश राजेश खोथ, एसडीएम हांसी जितेंद्र सिंह अहलावत, एसडीएम हिसार जयवीर यादव, बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, नगर निगम उप आयुक्त वीरेंद्र सिंह, एचएयू से प्रोफेसर अतुल ढींगड़ा, कपिल अरोड़ा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 20-4-23 | 4 | 3 |

## राष्ट्रपति का एचएयू दौरा 24 को

हिसार, 19 अप्रैल (हप्र)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 अप्रैल को बाद दोपहर 4 बजे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले 25वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय समारोह की अध्यक्षता करेंगे तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी कार्य समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, आरटीए सचिव सुनील कुमार, एसडीएम हिसार जयवीर यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20-4-23 | 4 | 1-5 |

**भास्कर खास •** एचएयू के वैज्ञानिकों की सलाह, वीसी बोले-भरपूर पैदावार लेने के लिए फसल की देखभाल जरूरी

# टमाटर, बैंगन, मिर्च की अधिक पैदावार लेने के लिए अप्रैल में देखभाल जरूरी, समय पर करें कीटनाशक दवा का छिड़काव

**महबूब अली | हिसार**

अप्रैल में टमाटर, बैंगन, मिर्च, भिंडी की फसल की देखभाल बहुत जरूरी है। हिसार के एचएयू के वैज्ञानिक किसानों को अप्रैल में सब्जी की फसलों के देखभाल के टिप्स दे रहे हैं। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि आज़कल खेतों में सब्जी की टमाटर, बैंगन, मिर्च व भिंडी की फसल लगी हुई है। समय पर फसलों की देखभाल की जाए व सस्य क्रियाएं जैसे उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन, खरपतवारों की रोकथाम व कीड़े व बीमारियों की रोकथाम की जाए तो भरपूर पैदावार ली जा सकती है। अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि सब्जी की फसलें जैसे टमाटर, बैंगन, मिर्च व भिंडी में ये क्रियाकलाप करके बेहतर पैदावार लें।

## जानिए, इन फसलों की रोपाई, सिंचाई और देखभाल की विधि

▪ **टमाटर:** सिंचाई हर सप्ताह करें। रोपाई के बाद 40 किग्रा नाइट्रोजन प्रति एकड़ आधी-आधी दो बार में दें। प्रथम मात्रा रोपाई के लगभग तीन सप्ताह बाद व दूसरी फूल आने पर करें। सफेद मक्खी की रोकथाम को 400 मिली मैलाथियान 50 ई.सी को 250 लीटर पानी में मिलाकर छिड़कें।



▪ **बैंगन:** एचएयू के सहायक सस्य वैज्ञानिक डा. सतपाल सिंह के अनुसार फसल की नियमित रूप से सिंचाई करें। दो बार खाद दें। नाइट्रोजन खाद के बाद सिंचाई करें। यदि रस चूसने वाले कीटों का आक्रमण हो तो 300-400 मि.ली. मैलाथियान 50 ई.सी को 200-250 लीटर पानी में मिला प्रति एकड़ छिड़कें।



▪ **मिर्च:** डॉ. कुलदीप कुमार ने बताया कि मिर्च की फसल में तीन सप्ताह के बाद व दूसरी बार फूल आने के समय 12 कि.ग्रा. नाइट्रोजन प्रति एकड़ की दर से दें व सिंचाई करें। फूल आने पर प्लानोफिक्स के घोल का 1 मि.ली. प्लानोफिक्स को साढ़े 4 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।



▪ **भिंडी:** फलभेदक सूंडी पर नियंत्रण के लिए 75-80 मिलीलीटर स्पाईनोसैड 45 एस.सी या 400 से 500 मि.ली. मैलॉथियान 50 ई.सी को 200 लीटर पानी में मिलाकर 15 दिन के अंतर पर प्रति एकड़ फसल पर छिड़काव करें और सब्जियों की फसल को बीमारियों से बचाएं।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20-4-23 | 4 | 6-8 |


उन्नत सिंचाई विधियां अपनाकर गन्ने की पैदावार बढ़ाएं और पानी की बचत करें

# आधा खूड़ सिचाई विधियां अपनाएंगे तो गन्ने का जमाव 60 से 70% तक होगा


राकेश कुमार | गढ़ी बीरबल (करनाल)

धान के बाद गन्ने की फसल में अधिक पानी की जरूरत होती है। 100 टन प्रति हेक्टेयर उपज के लिए 1000 मिलीमीटर पानी लगता है। पानी की जरूरत कृषि जलवायु परिस्थितियों, गन्ने की उपज और गन्ने की किस्म के आधार पर अलग अलग होती है। इसलिए यह 1200 मि.मी. तक हो सकता है। ट्रेंच में बोए गए गन्ने को साधारण विधि की अपेक्षा कम पानी की जरूरत होती है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के समग्र सिफारिशों के अनुसार पहली सिंचाई गन्ने की बुवाई के 5-6 सप्ताह बाद व अगली सिंचाई 10 दिन के अंतराल पर मानसून के आने से पहले व मानसून के बाद 25 दिनों के अंतराल पर करनी चाहिए। डॉ. विजय अरोड़ा प्रधान मृदा वैज्ञानिक (सेवानिवृत्त), सीसीएस एचएयू रीजनल रिसर्च स्टेशन करनाल ने बताया कि गन्ने की बिजाई में आधा खूड़ विधि उत्तम है। खेत की तैयारी सूखे में करने की वजह से 7 से 10 दिन पहले बिजाई की जा सकती है एवं ज्यादा गर्मी में भी पोरियों के आस-पास नमी बनी रहती है।

## बिजाई के समय आधा खूड़ सिंचाई विधि अपनाना जरूरी



आधा खूड़ सिंचाई विधि।



आधा खूड़ सिंचाई विधि में जमाव।

इस विधि में बीज का जमाव केवल 35 से 40% ही होता है। सूखे खूड़ों में बिजाई कर पोरियों को हल्की मिट्टी से ढक दें व खूड़ों में हल्का पानी आधे खूड़ों की ऊंचाई तक लगाएं। इसमें खेत की तैयारी कम बतर वाली अवस्था में भी की जा सकती है। 3 से 4 दिन बाद बतर आने पर खूडो को कस्सी से मिट्टी डालकर ढककर सुहागा लगा दें। बिजाई करने से आम बिजाई के मुकाबले बीज को ज्यादा समय तक पूरी नमी मिलती है। और गन्ने का ज्यादा जमाव 60 से 70% तक हो जाता है। पौधो की संख्या ज्यादा होती है और पैदावार ज्यादा होती है।

**उन्नत सिंचाई विधि**

चैक बेसिन विधियां, खूड़ो व नाली से पानी की बचत होगी। किसान पानी का सही इस्तेमाल कर बचत करना चाहते हैं तो ड्रिप सिंचाई विधि अपनाएं। सही समय पर सही मात्रा में पानी व खाद देकर हम अधिकतम लाभ ले सकते हैं। जड़ों के नीचे उर्वरकों व अन्य रसायन अपना पूरा कार्य करते हैं। पर्यावरण को भी इससे कोई हानि नहीं होती।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 19-4-23 | 4 | 3-6 |

# चैंपियनशिप में सुमित्रा ने जीते स्वर्ण पदक

## ओपन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100 खिलाड़ियों ने लिया भाग

संवाद न्यूज एजेंसी



हिसार में एचएयू में प्रतियोगिता में भाग लेते एथलीट। संवाद

हिसार। प्रथम जिला ओपन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में हुई। इसमें करीब 100 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। एक दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन के सदस्य व एथलेटिक्स हरियाणा के कार्यकारी अध्यक्ष एचएस भादू मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि एचएस भादू ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से लोगों को खुद को स्वस्थ रखने का रुझान बढ़ता है। मंच संचालन वीरेंद्र पीटीआई ने किया।

सुभाष चंद्रा फाउंडेशन की महिला एथलीटों ने चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। जानकारी देते हुए फाउंडेशन के खेल इंचार्ज सूबे सिंह बैनीवाल ने बताया कि फाउंडेशन की चार खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

सुमित्रा ने शॉटपुट और जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक, रेखा ने 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, भावना ने 100 मीटर दौड़ व डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक और सुमन ने 400 मीटर और 200 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में सभी एथलीट, जिन्होंने सभी 35 से ऊपर आयु वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, उन सभी को एथलेटिक्स हिसार की तरफ से पदक व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

### जयसिंह खारिया ने जीते दो स्वर्ण पदक



वीसी प्रो. कांबोज पदक विजेता विजेता मा. जयसिंह को सम्मानित करते हुए। संवाद

इसी प्रतियोगिता में पांच किलोमीटर वॉक रेस व 100 मीटर रेस में मा. जयसिंह खारिया ने दो स्वर्ण पदक हासिल किए। मा. जयसिंह खारिया को एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पदक जीतने पर उनके गांव खारिया वासी पहलवान केवल खारिया, अंतरराष्ट्रीय कोच प्रदीप व अनिल, डॉ. अनीत सिंह, मा. अनिल, दिनेश बैनीवाल, पूर्व सरपंच सुजान बैनीवाल, विक्रम सरसाना मिठारवाल, गुलाब बैनीवाल, पूजा, रोशनी बैनीवाल सहित अन्य लोगों ने जयसिंह खारिया को बधाई दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20-4-23 | 3 | 6-8 |


# कपास की हाईब्रिड किस्म एचएचएच 223 व एचएचएच 287 की 15 अप्रैल से करें बुवाई

## प्रदेश में लगभग 6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोई जाती है कपास

भास्कर न्यूज | हिसार

कपास की बिजाई 15 अप्रैल से जून के पहले सप्ताह तक की जा सकती है परंतु मई का पूरा महीना कपास की बिजाई के लिए सर्वोतम है। महेंद्रगढ़, भिवानी तथा डबवाली जिलों में बिजाई अप्रैल के पहले पखवाड़े में करें। एचएयू के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने बताया कि प्रदेश में लगभग 6 लाख हैक्टेयर में कपास बोई जाती है, जिसकी औसत पैदावार 4-5 क्विंटल प्रति एकड़ है। अधिक मुनाफे के लिए अप्रैल में बिजाई की गई बी.टी कपास में मूंग का अतः फसलीकरण भी किया जा सकता है।

### कपास की ये हैं उन्नत किस्में

- **अमरीकन कपास की किस्में:** एच 1098, एच 1117, एच 1226, एच 1098 संशोधित, एच 1236 व एच 1300, एच एच एच 223 (हाईब्रिड) व एच एच एच 287 (हाईब्रिड)
- **देसी कपास की क़िस्में:** एच डी 123, एच डी 324 व एच डी 432 एवं ए ए एच 1 (हाईब्रिड)

- **भूमि व खेत की तैयारी:** रेतीली, लूणी व सेम वाली भूमि को छोड़ सभी प्रकार की भूमि में कपास की खेती की जा सकती है। अधिक पैदावार के लिए जुताई गहरी करें। पहली जुताई मिट्टी पलटने वाले हल से करें।
- **बिजाई का तरीका:** अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि कपास की विभिन्न किस्मों की बिजाई, बीज-उर्वरक संयुक्त ड्रिल या प्लांटर की सहायता से करें। बीज को 4-5 से.मी. गहरा बोएं। संकर व बी.टी कपास के लिए कतार से कतार की दूरी 67.5 से.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 60 से.मी. रखनी चाहिए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 20-5-23 | 3 | 5-6 |



## सूरजमुखी की तरह, कुछ यूं ही खिलखिलाती रहे जिंदगी...

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फार्म में खिले सूरजमुखी के फूलों को निहारती छात्रा। • गुलशन बजाज